तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026

04 पीएमश्री विद्यालयों के विद्यार्थियों ने किया ...



04 सीएम ने सुकमा से स्वस्थ्य बस्तर अभियान ...





छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2026
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
24/04/2026
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

## खबर संक्षेप

### ट्रक के चक्के में दबने से हुई थी मौत, मामला दर्ज



**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 34 के पास सड़क दुर्घटना में विवेचना में पाया गया कि पाया कि मृतक पीव्ही 114 भरतपुर निवासी 45 वर्षीय बबलू मंडल पिता बिरेन्द्र मंडल बाइक से बड़गांव से अपने घर आ रहा था कि ग्राम पीव्ही 34 के आगे मेनरोड़ ढलान के पास पहूंचा था, तभी पीछे से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलजी 2578 के चालक द्वारा अपने ट्रक वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बबलू मंडल के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे बबलू का सिर ट्रक के चक्का में दब गया और मौके पर ही मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक पर धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### बच्चे की मौत का कारणों है अज्ञात

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत पीव्ही 64 निवासी विपलव दास पिता विपुल दास का अज्ञात कारणों से मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक को इलाज के लिए सिविल अस्पताल पखांजुर में लेकर गए थे, लेकिन उसका 9 अप्रैल को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### दुर्गूकोंदल में युकां की आज होगी बैठक

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल में आज प्रातः 11 बजे ब्लॉक युवा कांग्रेस के संगठन विस्तार को लेकर बैठक आयोजित होगी। इस बैठक में जिला अध्यक्ष एवं प्रभारी टीम विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और संगठन को मजबूत करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य युवा कांग्रेस के संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाना तथा नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना है। उन्होंने कहा कि संगठन विस्तार के इस अभियान में सभी वर्गों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है, जिससे कांग्रेस की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाया जा सके।

### आंबेडकर जयंती पर आज कलश यात्रा और सभा

**सरोना।** तहसील क्षेत्र के ग्राम कन्हनपुरी में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर पर भव्य कलश यात्रा और जुलूस का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण भी किया जाएगा, जिसे लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन के तहत कलश यात्रा एवं सभा होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम शामिल होंगे। इसके साथ ही सरपंच बिना कुंजाम, उपसरपंच कुलदीप वैध, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, जनपद अध्यक्ष सोमन कावडे एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह समिति के जिलाध्यक्ष रामशंकर दर्रो सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### इलाज से पहले घायल ने तोड़ा दम, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाए कोण्डागांव जिला के विश्रामपुरी निवासी 22 वर्षीय अमितेष ध्रुव पिता नोत्तम ध्रुव का मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था।

## आपरेशन : एसपी की बचे नक्सलियों चेतावनी, सरेंडर करो वर्ना मारे जाओगे

# रूपी के मारे जाने के बाद उत्तर बस्तर के 14 नक्सलियों को पुलिस का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

माचपल्ली के जंगल में परतापुर एरिया कमेटी के सदस्य एसीएम रूपी के मारे जाने के बाद उत्तर बस्तर में सक्रिय परतापुर एरिया कमेटी और मिलिट्री कंपनी नंबर में अब 14 नक्सली बचे है। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा का कहना है बचे हुए नक्सली सभी स्थानीय है, उनको हथियार डालने का अभी भी मौका है, नहीं तो आने वाले समय में रूपी जैसा हश्र होगा।

■ चंदर, दसरू और मंगलू पद्दा की तलाश सबसे ज्यादा

जानकारी के अनुसार नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए दी गई डेडलाइन खत्म होने के बाद कांकेर जिले की डीआरजी और पुलिस की संयुक्त टीम लगातार जंगलों में गश्त कर रही है। डेडलाइन खत्म होने के 12 दिन बाद भी करीब 15 नक्सली सामने नहीं आए थे। अंदरूनी इलाके के ग्रामीणों की मानें तो आंध्र प्रदेश निवासी एसीएम रूपी रेड्डी आत्मसमर्पण के खिलाफ थी और वह अपने साथियों को भी इसके लिए उकसा रही थी। यह भी चर्चा थी कि रूपी का मुख्य उद्देश्य अपने पति विजय रेड्डी की हत्या का बदला लेना था। उसका आरोप था कि उसके पति की हत्या मुखबिरी के कारण हुई थी और जब तक वह इस गद्दार को खत्म नहीं कर लेती, तब तक वह कोई निर्णय नहीं लेगी। यही कारण था कि वह अंत तक हथियार डालने के पक्ष में नहीं आई। रूपी जिस पर मुखबिरी का आरोप लगा रही थी, उसका यहीं कहना था कि मेरे घर रूके थे, परंतु मुखबिरी मैने नहीं किया। मैं मुखबिरी करता तो कांकेर पुलिस को करता, मानपुर जिले की पुलिस को क्यों करता।



**आत्मसमर्पण की अपील**

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने उत्तर बस्तर में सक्रिय 14 नक्सलियों से यही अपील किया है कि सभी बस्तर संभाग के रहने वाले है और समर्पण करने के लिए अभी भी मौका है। जंगल में भटकर रहे नक्सली सीधे कांकेर जिले के हेल्पलाईन नंबर 94791-94199 पर काल करें, उनको हमारी टीम जहाँ होंगे, वहाँ से सुरक्षित लेकर आएगी।

**15 नक्सली तीन गुटों में बंट गए थे :** डेडलाइन के दौरान रूपी के साथ कई नक्सली सक्रिय थे, लेकिन समय बीतने के साथ स्थिति बदलती गई। डेडलाइन समाप्त होने के बाद हल्ला मचा कि उत्तर बस्तर के बचे 15 नक्सली तीन अलग-अलग गुटों में बंट गए हैं। पांच दिन पहले यह चर्चा भी जोर पकड़ने लगी थी कि रूपी अब अकेली रह गई है और उसके अधिकांश साथी उसे छोड़ चुके हैं।

**महाराष्ट्र भागने की फिराक में थी**

*इसी बीच नक्सल प्रभावित इलाको में यह भी खबर उड़ी कि एसीएम रूपी महाराष्ट्र की ओर निकलने के फिराक में है, इसकी जानकारी कांकेर पुलिस को मिल गई थी। यह भी चर्चा थी कि कांकेर से महाराष्ट्र जाने वाले जंगल में फोर्स लगातार निगरानी भी हो रही थी। नक्सल प्रभावित गांव के सक्रिय जिम्मेदारों का मानना है कि रूपी अपने साथियों को लगातार भड़काकर आत्मसमर्पण से रोक रही थी, जिससे उत्तर बस्तर में बचे 14 नक्सली । परतापुर एरिया कमेटी के बचे 09 नक्सली चंदर कतलाम निवासी आदेरबेड़ा पूर्वी बस्तर क्षेत्र, कुमारी माली निवासी ग्राम मुंदेर थाना नेलसनार जिला बीजापुर, मंगलू पद्दा निवासी उकड़ थाना सोनपुर जिला नारायणपुर, मंगेश परचापी उर्फ सोमलू निवासी माड़ क्षेत्र, मनीषा कोर्राम निवासी कोटमेटा, झिला मरकाम निवासी दक्षिण बस्तर, कुमारी सनकी ग्राम दोड़गेजोड़ा थाना परतापुर, सोमा पोड़ियाम निवासी इंद्रावती एरिया जिला बीजापुर, लखमी पद्दा निवासी मरकाबेड़ा थाना सोनपुर जिला नारायणपुर सक्रिय है। मिलिट्री कंपनी नंबर 05 के बचे 05 नक्सली सुकदास उइका निवासी दक्षिण बस्तर क्षेत्र, जानकी सोढ़ी निवासी दक्षिण क्षेत्र, मोनिका निवासी पश्चिम बस्तर क्षेत्र, दारसू शोरी ग्राम पिपरा थाना आमाबेड़ा और होलिका पुनेम निवासी ग्राम कुमड़ पुसनार थाना गंगालूर जिला बीजापुर सक्रिय है।*

### पुराने को किया बर्खास्त एवं नए ठेकेदार को दी जिम्मेदारी, तब कार्य में आई गति

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम पंचायत जाडेकुर्से के आश्रित ग्राम डंडाईखेडा में बनी पानी टंकी बनने के बाद उपयोग में नहीं लाई जाने पर ग्रामीणों में नाराजगी जताई, वहीं कार्यपालन अभियंता कुंदन राणा ने बताया कि पुराने ठेकेदार के द्वारा कार्य नहीं करने पर नए ठेकेदार को एक साल पहले कार्य दिया गया और कार्य अब अंतिम चरण में है। ग्रामीणों को बहुत जल्द घर घर पानी मिल सकेगा।



डंडईखेड़ा के ग्रामीण राजाराम पुड़ो, धनी दुग्गा एवं अन्य ने बताया कि पानी टंकी तैयार हो गई है, परंतु पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना था कि दो साल पहले टंकी तैयार हो गई। बोरवेल भी सफलतापूर्वक स्थापित है और ट्रांसफार्मर भी बोर के पास लगाया गया है, जिससे पानी सप्लाई शुरू करने में कोई तकनीकी बाधा नहीं है। इसके बावजूद अब तक घर-घर पाइपलाइन के माध्यम से पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। इस मामले को लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यपालन अभियंता कुंदन राणा ने बताया कि पहले जिस ठेकेदार को काम मिला था, उसके द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किए जाने पर उसे बर्खास्त कर दिया गया और उसके उपरांत फिर से निविदा निकाली गई और 25 अप्रैल 2025 को वर्क आर्डर हुआ है। ठेकेदार ने पूरा काम तैयार कर दिया है। पाईप को जोड़ने के लिए सड़क काटना पड़ेगा, पीएमजीएसवास विभाग की सड़क है। सड़क को काटने के लिए विभाग से परमीशन माँगा गया है, परमीशन मिलते ही शीघ्र पाईप लाईन को जोड़ दिया जाएग और आमजन को पानी मिलने लगेगा। ग्रामीणों ने 3000 रूपएं के बिल आने की भी शिकायत किया है। विभाग प्रमुख इस शिकायत की जाँच करवा रहे है, उसमें भी नियमानुसार कार्यवाही किए जाने की बात कही है।

ग्रामीणों की मांग है कि गर्मी का मौसम शुरू हो गया है और पानी के स्त्रोत सूखने लगते है, इसलिए जल आपूर्ति योजना को गंभीरता से लेते हुए इसे शीघ्र चालू किया जाए, ताकि सभी ग्रामवासियों को बुनियादी सुविधा का लाभ मिल सके।

## भाजपा मंडल के अनेक शक्ति केंद्रों में चलाया गांव-बस्ती चलो अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा, मंडल भानुप्रतापपुर द्वारा सभी शक्ति केंद्रों के बूथों में गांव चलो, बस्ती चलो अभियान उत्साहपूर्वक संचालित किया जा रहा है।

भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा भानबेड़ा, नारायणपुर एवं संबलपुर शक्ति केंद्रों के विभिन्न बूथों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सभी बूथों में पहुंचकर ग्रामवासियों के साथ भाजपा का स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में ग्रामवासियों को मिठाई एवं बिस्किट वितरित कर एक-दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने ग्रामवासियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। विशेष रूप से महिलाओं के लिए संचालित महतारी वंदन योजना के बारे में विस्तार से बताया गया तथा उनसे संबंधित समस्याओं को सुनकर उनके समाधान की दिशा में मार्गदर्शन किया गया और साथ ही युवाओं के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें बजट में युवाओं एवं छात्रों के लिए की गई घोषणाओं से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त ग्रामवासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर मंडल मंत्री जितेंद्र पांडे, भाजपा कार्यालय प्रभारी राजेंद्र जैन, भाजपा वरिष्ठ रवि ठाकुर, भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री प्रेम शर्मा, जागेश्वर नरेटी, मंडल उपाध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव, हर्ष साहू, मंडल मंत्री धीरज ठाकुर, मंडल कोषाध्यक्ष राहुल साहू, सोशल मीडिया प्रभारी कनक राजपूत, सह प्रभारी नागेश सेन, नीतीश मेहता, रेशम दास मानिकपुरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## रेत तस्करी विवाद पर ब्लेड से हमला, जान से मारने की दी धमकी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

अंतागढ़ थाना क्षेत्र में देर रात हुई मारपीट और ब्लेड से हमले की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी। ब्लेड से हमला करने वाले का विगत समय रेत की तस्करी में भी नाम सामने आया था। पुलिस ने ब्लेड से हमला करने वाले आरोपी भवानी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार थाना अंतागढ़ में शिकायत करने पहुँचे अंतागढ़ के ऊपरपारा निवासी 27 वर्षीय रविन्द्र कुमार नाग ने लिखित में शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्तों बबलू मानकर और जिग्नेश के साथ घर पर 11 अप्रैल की बैठा था, तभी उसी मोहल्ले का रहने वाला भवानी वहां आया और बिना किसी कारण के बबलू को अश्लील गालियां देते हुए हाथ-थप्पड़ से मारपीट करने लगा, मैं जब बीच-बचाव कर मामला शांत कराने की कोशिश की, तो आरोपी भवानी ने उसे भी निशाना बनाते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। आरोपी ने न केवल हाथ-थप्पड़ से हमला किया, बल्कि रविन्द्र के पेट और पसली के पास ब्लेड से वार कर उसे घायल कर दिया। इतना ही नहीं, आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे प्रार्थी और उसके साथी भयभीत हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने तत्काल थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश और डर का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**पुलिस ने दर्ज किया मामला**

थाना अंतागढ़ पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शिकायत दर्ज कर ली है। 12 अप्रैल 2026 को प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर आरोपी भवानी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351 (2) और 118 (1) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने मामले को विवेचना में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर कानून के तहत उचित कार्रवाई की जाएगी।



**रेत तस्करी में भी शामिल :** मुहल्लेवासियों ने बताया कि ब्लेड से हमला करने वाले भवानी का नाम रेत तस्करी के मामले में भी सामने आया था। उस समय भी इनका नाम सामने आया था। मुहल्लेवासियों ने इस मामले में मीडिया के माध्यम से कार्यवाही की माँग किया। मुहल्लेवासियों के द्वारा इस तरह से माँग किए जाने पर हरिभूमि ने भवानी के मोबाईल नंबर 88276 09767 पर वास्तविकता जानने का संपर्क किया गया, परंतु उनका मोबाईल नंबर बंद बता रहा था।

## बेकाबू बस और ट्रक में भिड़ंत से मची चीख-पुकार, 9 यात्री घायल

**कांकेर।** मुरवेंड में सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे ने इलाके को झकझोर कर रख दिया। तेज रफ्तार का कहर इस कदर बरपा कि एक यात्री बस और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें 9 यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार से माहौल गूंज उठा।

जानकारी के अनुसार बस क्रमांक सीजी रायपुर से जगदलपुर की ओर अपने निर्धारित मार्ग पर सवारियों को लेकर जा रही थी। इसी दौरान मुरवेंड के पास बस चालक ने तेज गति में वाहन पर नियंत्रण खो दिया। सामने से आ रहे ट्रक को देखकर चालक संभल नहीं पाया और देखते ही देखते बस सीधे ट्रक से जा भिड़ी। दोनो वाहन टकराने के बाद एक ही दिशा की ओर मुड़ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनो वाहनों का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया। घटना की जानकारी केशकाल पुलिस और कांकेर पुलिस को मिल गई और दोनो स्थानो से मदद के लिए टीम पहुँची और घायलों को बस से बाहर निकालकर कांकेर के मेडिकल कॉलेज के अस्पताल पहुंचाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके कारण चालक समय रहते ब्रेक नहीं लगा सका। हादसे में घायल हुए 9 यात्रियों को प्राथमिक उपचार समाचार लिखे जाने तक जारी रहा।

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह बस की तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही मानी जा रही है। इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आए दिन हो रहे ऐसे हादसे यह दर्शाते हैं कि यातायात नियमों का पालन न करना और तेज गति से वाहन चलाना कितना घातक साबित हो सकता है। प्रशासन द्वारा बार-बार चेतावनी देने के बावजूद लोग लापरवाही बरत रहे हैं, जिसका खामियाजा निर्दोष यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है।



## सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित किसानों की मुआवजा मांग तेज, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**नरहरपुर।** जिले के चनार से नरहरपुर तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के चलते प्रभावित किसानों की मुआवजे की मांग अब तेज होती जा रही है। इस संबंध में क्षेत्र के ग्रामीणों ने विधायक आशाराम नेताम को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया और जल्द समाधान की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के कारण चनार, कोर्रामपारा, छिन्दपारा, अमोड़ा, भरीपारा, रिसेवाड़ा, गुहानपारा, कोचवाही और नरहरपुर सहित कई गांवों की कृषि भूमि और घर-बाड़ी प्रभावित हो रही है।



भूमि अधिग्रहण से किसानों की खेती योग्य जमीन लगातार कम हो रही है, जिससे उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। किसानों का कहना है कि उनकी आय का मुख्य स्त्रोत खेती है और जमीन घटने से भविष्य में आर्थिक स्थिति और अधिक खराब हो सकती है। ⏭ शेष पेज 02 पर

## डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती आज मनाई जाएगी

# आंबेडकर प्रतिमा परिसर की सफाई कर समानता और सद्भावना का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व दिवस पर प्रेरणादायक और सामाजिक सरोकार से जुड़ा आयोजन देखने को मिला, जब नगर के स्टेट बैंक के पास स्थित उनकी प्रतिमा एवं आसपास के परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह पहल केवल सफाई तक सीमित नहीं रही, बल्कि बाबा साहब के विचारों समानता, न्याय और जागरूकताको व्यवहार में उतारने का एक सार्थक प्रयास भी किया गया।

■ विधायक आशाराम ने कहा - छोटे प्रयासों से होंगे बड़े बदलाव





आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक आशाराम नेताम ने सफाई अभियान में शामिल हुए और उन्होने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने हमें जो संविधान दिया, वह केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि एक ऐसे समाज की नींव है जिसमें हर व्यक्ति को समान अधिकार और अवसर प्राप्त हों। उन्होंने कहा बाबा साहब के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। हमें उनके बताए मार्ग पर चलते हुए न केवल सामाजिक समानता को बढ़ावा देना है, बल्कि स्वच्छता, शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से समाज को सशक्त बनाना है। उन्होंने आगे कहा कि स्वच्छता अभियान जैसे छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े परिवर्तन की शुरुआत होते हैं। जब समाज का हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझेगा, तभी हम बाबा साहब के सपनों का भारत समानता, स्वाभिमान और स्वच्छता से परिपूर्ण भारत निर्माण कर पाएंगे। इस आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि सेवा, समर्पण और संगठन की भावना के साथ यदि समाज आगे बढ़े, तो हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने-अपने स्तर पर स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देंगे।

इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और समर्पित कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी ने मिलकर न केवल परिसर की साफ-सफाई की, बल्कि समाज को यह संदेश भी दिया कि स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी, दोनों ही एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण के आधार हैं।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक गंभीर घायल, देर रिपोर्ट दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

निजी काम से बाइक में सवार होकर कांकेर जा रहें युवक को अज्ञात वाहन के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक को गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद राहगीरों ने घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर किया गया। वर्तमान में उसका इलाज जारी है।

थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे ग्राम पटौद निवासी 74 वर्षीय नारायण राम साहू पिता स्व. नगवा राम साहू ने पुलिस को बताया कि मेरा बेटा गीतेश कुमार साहू 27 जनवरी को अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीवी 9603 में सवार होकर पटौद लेम्पस गया था। शाम को अपने निजी कार्य से कांकेर जा रहा था कि शाम करीबन साढ़े 7 बजे बगरूम चौक दसपुर के पास पहुंचा था कि कांकेर की ओर से आ रही अज्ञात मोटर सायकल का चालक अपने वाहन को तेज लापरवाही पूर्वक चलाकर मेरे बेटे के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे बेटे गीतेश साहू के गंभीर चोट आया। राहगिरों ने घायल बेटे को इलाज के लिए जिला अस्पताल में लेकर गए। चोट गंभीर होने के कारण उसे हायर सेंटर रिफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है। बेटा का इलाज कराने मे व्यस्त होने से रिपोर्ट नही करा पाया इस कारण 13 अप्रैल को थाना कांकेर में रिपोर्ट दर्ज करा रहा हूं। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



## खबर संक्षेप

### दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था को सुधारने करें कामः नूपुर

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने नेशनल हाईवे के डिवाइडर पर झाड़ियों की कटाई, दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान तथा आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए गए। कोंडागांव बायपास में संकेतक बोर्ड लगाने, टी–जंक्शन पर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने, क्षतिग्रस्त क्रैश बैरियर की मरम्मत और स्ट्रीट लाइट दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई तथा भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए गए। सड़क दुर्घटना में घायलों की सहायता करने वालों को राहवीर योजना के तहत प्रोत्साहित करने और लाभान्वित करने पर जोर दिया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी को बस स्टैंड में यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने तथा हेलमेट बैंक के व्यापक प्रचार–प्रसार के निर्देश दिए गए।बैठक में जिला पंचायत सीईओ सहित परिवहन, पुलिस, लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं नगर पालिका विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### शहर की गलियों और गांव में पहुंच भाजपाई बहा रहे पसीना



जगदलपुर। ग्रामीण क्षेत्रों व शहर की सड़कों पर पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं की टीम लोगों से संवाद, हितग्राहियों से मुलाकात और वरिष्ठों का सम्मान कर रही है। जिले के सभी तेरह मण्डलों में गांव चलो, बस्ती चलो, घर चलो अभियान में कार्यकर्ता पसीना बहा रहे हैं। नानगुर व नगरनार मण्डल के दूरस्थ गांवों में पहुंच कर कार्यकर्ता आमजन से संपर्क करते दिख रहे है। रविवार को प्रवीर चन्द्र भंजदेव व दीनदयाल उपाध्याय शक्ति केन्द्र में जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय कार्यकर्ताओं के साथ घर घर पहुंचे और नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। चंद्रशेखर आजाद शक्ति केन्द्र में सुधीर पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में कार्यकर्ताओं ने बस्ती चलो घर चलो अभियान पूरा किया। इस मौके पर सफीरा साहू, प्रकाश झा, मनोहर दत्त तिवारी, राकेश तिवारी, संतोष बाजपेयी, दिगम्बर राव, शशिनाथ पाठक, सुधा मिश्रा, योगेश शुक्ला,दशरथ गुप्ता, गीता नाग, मीना साहू, सूर्यभूषण सिंह, राजा यादव, अविनाश गौतम, ब्रिजेश शर्मा, रौशन झा, अभिषेक पिंटू साव, अभिषेक तिवारी, विनोद पाण्डेय, दिलीप सुंदरानी, बृजेश कपूर, आनंद झा, पार्षद यशवंत ध्रुव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नए कार्यकर्ता जोड़ने और संगठन को मजबूत करने बनी रणनीति



जगदलपुर। प्रदेश कांग्रेस के आदेशानुसार बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूयार्पानी के नेतृत्व में बैठक हुई। अध्यक्षता कर रहे जतिन जायसवाल, प्रभारी अमरनाथ सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र पटवा व पूर्व महामंत्री अनवर खान की उपस्थिति में पंडित दीनदयाल उपाध्याय व मोतीलाल नेहरू वार्ड की संयुक्त सेक्टर, बूथ कमेटी गठन प्रकिया पर नयापारा में बैठक हुई। ऑल इंडिया कांग्रेस के महत्वाकांक्षी मिशन गांव चलो अभियान में शहरी क्षेत्र अंतर्गत बूथ सेक्टर की मजबूती हेतु संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाना है। जिसमें सेक्टर व बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करना, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना और आगामी चुनावों के लिए मजबूत आधार तैयार करना है। इस दौरान जयशंकर श्रीवास, माही श्रीवास्तव, भरत यादव, गीता, संगीता, जावेद बख्श, महादेव, अविनाश, सुजाता, लक्ष्मी, लक्ष्मी कश्यप,राजकुमारी, सरिता, रेखा मसीह, कविता यादव, करुणा, निशा, संतोषी, सुखदई, पदमनी मौजूद रहे।

# करियर मार्गदर्शन कार्यशाला में मरामपानी स्कूल के विद्यार्थियों को मिली सही दिशा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के हाई स्कूल मरामपानी में करियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को भविष्य की दिशा तय करने में मार्गदर्शन देना था, ताकि वे अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार सही विषय का चयन कर सकें।



कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने विद्यार्थियों को 10वीं के बाद विषय चयन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छात्र कला, वाणिज्य, विज्ञान और गणित जैसे विषयों का चयन करते समय अपनी रुचि, योग्यता और लक्ष्य को ध्यान में रखें। साथ ही, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए शुरुआती स्तर से ही सही दिशा में प्रयास करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। शिक्षकों ने इंजीनियरिंग और मेडिकल क्षेत्र की प्रमुख परीक्षाओं जैसे जेईई और नीट के बारे में जानकारी साझा की। इसके अलावा राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाएं जैसे पीएससी और यूपीएससी की तैयारी के संबंध में भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। विद्यार्थियों को बताया गया कि अनुशासन, नियमित अभ्यास और सही मार्गदर्शन से किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल की जा सकती है। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य प्रकाश कुमार गोस्वामी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने और उसे पाने के लिए निरंतर मेहनत करने की बात कही। वहीं, हाई स्कूल सिंहारी के प्राचार्य दिलीप कुमार शोरी ने सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास बनाए रखने की सलाह दी। इस अवसर पर प्रधान पाठक शिवलाल बघेल, वरिष्ठ शिक्षक गोपाल राम जयते, मनीष कुमार साहू, संकुल समन्वयक बिगेंद्र गोयल, गोवर्धन मंडावी एवं टेकेश्वर साहू सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए अपने प्रश्न पूछे और करियर संबंधी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया।

**आयोजन :** कलेक्टर ने साप्ताहिक समय–सीमा की ली बैठक

# विभाग लक्ष्य के अनुरूप करें कार्य, छात्रावास में बच्चों के स्वास्थ्य की कराएं नियमित जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव



- बस्तर मुन्ने कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य अभियान को लेकर दिए निर्देश

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने साप्ताहिक बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर पन्ना ने जिले में योजनाओं के शत–प्रतिशत सैचुरेशन के लिए संचालित बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को डोर–टू–डोर स्वास्थ्य सर्वे, ग्रामीणों की जांच तथा छात्रावासों में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। गांव–गांव में टीबी स्क्रीनिंग कर एक्टिव केस की पहचान एवं नियमित मॉनिटरिंग करते हुए उपचार सुनिश्चित करने को कहा गया। आगामी जनगणना कार्य को पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने तथा ग्रामीणों में जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए गए। राजस्व पखवाड़ा में प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की स्थिति का भी विस्तृत अवलोकन किया गया। विभिन्न इंडिकेटर्स की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए गए, साथ ही निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय–सीमा में पूर्ण करने पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर उनके बेहतर क्रियान्वयन के लिए दिशा–निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित

# बागली परंपरा खजूर भांगा का भव्य आयोजन, चरक पूजा की तैयारी तेज



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजुर

पीव्ही 39 इंद्रप्रस्थ क्षेत्र में आज पारंपरिक बागली परंपरा खजूर भांगा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन आगामी चरक पूजा से पूर्व किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर अपनी आस्था प्रकट की। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस परंपरा का विशेष महत्व बंगाली समुदाय में देखने को मिलता है। चैत्र माह के प्रारंभ से लेकर अंतिम दिन तक समुदाय के युवक और श्रद्धालु मिलकर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से इस पूजा को सफल बनाते हैं। इस दौरान अनुशासन और संयम का विशेष पालन किया जाता है। श्रद्धालु पूरे महीने मांस, मछली एवं अन्य मांसाहारी भोजन का त्याग कर भगवान शिव की आराधना में लीन रहते हैं। यह समय पूरी तरह भक्ति, तप और संयम का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि चैत्र माह के अंतिम दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था, जिसके उपलक्ष्य में यह पूजा और अनुष्ठान किए जाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान खजूर भांगा की परंपरा विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही, चरक पूजा की तैयारियां भी जोर-शोर से शुरू हो गई हैं, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय आयोजकों और समिति के सदस्यों ने बताया कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जो न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को भी मजबूत करती है।

# मावा स्वास्थ्य मावा बस्तर अभियान शुरू, शिविरों में स्वास्थ्य परीक्षण

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बस्तर संभाग में मुख्यमंत्री बस्तर स्वास्थ्य अभियान के तहत मावा स्वास्थ्य मावा बस्तर की शुरुआत की गई। इस अवसर पर दुर्गुकोंदल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि स्वस्थ नागरिक ही विकसित छत्तीसगढ़ की आधारशिला हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत बस्तर संभाग में लगभग 36 लाख लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड निर्माण और घर-घर स्क्रीनिंग की जाएगी। गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया जाएगा। जनपद सभापति विकास राजु नायक ने कहा कि इस



योजना का उद्देश्य बस्तर क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ करना और दूरस्थ ग्रामीणों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। विकासखंड दुर्गुकोंदल के सभी उपस्वास्थ्य केंद्रों में शिविर लगाकर ग्रामीणों की जांच की गई। उपस्वास्थ्य केंद्र लोहत्तर में आयोजित शिविर में लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा बच्चों को विटामिन ए की खुराक भी दी गई।

# लालच में दोस्त ने ही कर दी मित्र की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

पुलिस ने चंद घंटों में हत्या का किया खुलासा आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक गुमशुदगी के मामले का खुलासा करते हुए चंद घंटों के भीतर हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार 12 अप्रैल को विकासनगर निवासी महेश चौहान ने थाना कोंडागांव में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका भाई सुरेश चौहान 53 वर्ष 11 अप्रैल की रात से लापता है। उसकी स्कूटी विकासनगर में लावारिस हालत में मिली है। पुलिस ने गुम इंसान कायम कर तत्काल जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल एवं पंकज चंद्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा, एसडीओपी रूपेश कुमार एवं डीएसपी



नरेन्द्र पुजारी के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान संदेह के आधार पर सुरेश कुमार देवांगन 38 वर्ष निवासी मरार पारा से पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपराध स्वीकार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने मृतक को अपने घर बुलाकर सोने की अंगूठी और पैसों के लालच में लोहे के खलबट्टे के मूसल से सिर पर प्राणघातक वार कर हत्या कर दी।

### शव को मिट्टी में दबाकर छुपाया

हत्या के बाद आरोपी ने शव को स्कूटी में रखकर मरार पारा में मिट्टी के ढेर के पास ले जाकर दबा दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर फॉरेंसिक टीम की मौजूदगी में शव का उत्खनन किया, जिसकी पहचान मृतक के भाई ने की। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 नग सोने की अंगूठियां, 1000 रुपये नकद घटना में प्रयुक्त हथियार मुसल बरामद कर जब्त किए हैं। आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, उप निरीक्षक राजीव गोटा, एएसआई राजकुमार कोमरा, आरक्षक अशोक मरकाम, बेदराम चंदेल तथा साइबर सेल के सुरेंद्र बघेल सहित पुलिस टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# दुकानों के पीछे छिपा वाटर एटीएम, प्यासे लोग पानी खरीदने को मजबूर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव

नगर पंचायत के बस स्टैंड में आम जनता की सुविधा के लिए लगाया गया वाटर एटीएम इन दिनों अपनी उपयोगिता खोता नजर आ रहा है। मशीन के सामने अस्थायी दुकानों के संचालन के कारण यह पूरी तरह लोगों की नजरों से ओझल हो गई है, जिससे राहगीरों और स्थानीय नागरिकों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। भीषण गर्मी के बीच जहां लोगों को ठंडे पानी की सबसे ज्यादा जरूरत है, वहीं वाटर एटीएम तक पहुंच न होने के कारण लोग मजबूरी में दुकानों से 15 से 20 रुपये तक की पानी की बोतल खरीदकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। लोगों का कहना है कि उन्हें वाटर एटीएम दिखाई ही नहीं देता, जिससे वे इसका उपयोग नहीं कर पाते।

गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा गर्मी के मौसम में लोगों को निशुल्क ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस वाटर एटीएम की स्थापना की गई थी, लेकिन वर्तमान स्थिति में यह उद्देश्य अधूरा नजर आ रहा है।



# सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठक के लिए कलेक्टर का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठक आयोजित करने के कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने लिए निर्देशित किया है। जिले में मोबाईल टॉवर की स्थापना कार्य को प्राथमिकता से लेने के निर्देश भी दिए हैं। बताया गया कि जिले में 60 से अधिक मोबाईल टॉवर स्थापना का वर्क आर्डर जारी किया जा चुका है।

आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि 2026-27 की कार्ययोजना बनाई जाए, ताकि योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो सके। जनगणना कार्य को गंभीरता से लेने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि जनगणना के लिए जिले में प्रशिक्षण शुरू हो चुका है, अच्छा से प्रशिक्षण प्राप्त कर त्रुटिरहित कार्य करें। मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जनशिकायत के अलावा अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदनों की निराकरण की समीक्षा करते हुए सभी प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। राजस्व मामलों खाता विभाजन, नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार इत्यादि के निराकरण की भी समीक्षा की गई। ई-ऑफिस के माध्यम से फाइलें भेजने, बॉयोमेट्रिक अटेंडेन्स, आईगॉट कर्मयोगी में ऑनबोर्ड इत्यादि की समीक्षा किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी सभी एसडीएम, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के अधिकारी मौजूद रहे।

# परिवहन आरक्षक भर्ती की लिखित परीक्षा 19 को होगी

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा परिवहन आरक्षक के रिक्त पदों के लिए लिखित भर्ती परीक्षा रविवार 19 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें लगभग 5942 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक शिक्षा लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

परिवहन आरक्षक परीक्षा के लिए जिले में 27 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर, शासकीय इंदरू केंवट कन्या कॉलेज भीरावाही रोड अलबेलापारा कांकेर, शासकीय आदर्श हायर सेकेण्डरी स्कूल लखनपुरी, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज कांकेर, कृषि कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर सिंगारभाट कांकेर, शासकीय नरहरदेव हायर सेकेंडरी स्कूल कांकेर, शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल लट्टीपारा, शासकीय पं. विष्णु प्रसाद शर्मा हायर सेकेंडरी स्कूल गोविंदपुर कांकेर, शासकीय जिला शिक्षा संस्थान एवं प्रशिक्षण केन्द्र (डाइट) कांकेर, शासकीय महिला आईटीआई कांकेर, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंगारभाट और शासकीय कन्या छात्रावास हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंगारभाट शामिल है। इसी प्रकार शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल तारसगांव चारामा, शासकीय कन्या हाई स्कूल मांझापारा कांकेर, शासकीय हाई स्कूल शीतलापारा कांकेर, शासकीय हाई स्कूल डुमाली, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिदेसर, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बागोडार, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल आतुरगांव, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पटौद, शासकीय हाई स्कूल दशपुर, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल ईच्छापुर, शासकीय हाई स्कूल माकड़ी, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल नाथियानवागांव, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल मुरडोंगरी, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कोकपुर तथा शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कन्हारपुरी को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

## पेज 1 के शेष

### सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित ...

ऐसे में उचित मुआवजा और आर्थिक सहायता मिलना बेहद जरूरी है। ग्रामीणों ने संयुक्त आवेदन के माध्यम से शासन से शीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि वे विकास कार्यों के विरोध में नहीं हैं, लेकिन बिना मुआवजे के भूमि अधिग्रहण उनके लिए गंभीर समस्या बनता जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से संवेदनशीलता के साथ इस मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। विधायक आशाराम नेताम ने किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान किसानों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में शासन स्तर पर जांच कराई जाएगी और यदि मुआवजा का प्रावधान होगा, तो प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। विधायक के आश्वासन के बाद किसानों में उम्मीद जगी है, लेकिन उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने से पीछे नहीं हटेंगे। फिलहाल इस पूरे मामले में प्रशासन की अगली कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। ज्ञापन में धनसिंग कोड़ोपी, मनीराम कोड़ोपी, धनई कुंजाम, शत्रुधन सलाम, शुद्ध कागे, सुकराम कांगे, चरण कुंजाम, नवल कुंजाम, रामकुमार देहारी, धनबली देहारी, दयाराम कुंजाम, वजई सलाम, रजई सलाम, भारती मंडावी, विजय कोड़ोपी, जबल कोड़ोपी, तुलसीराम कोड़ोपी, जगमोहन कोड़ोपी, जीव राखन कोड़ोपी, अमिरका नेताम, मनीराम कुंजाम और सहदेवराम सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पत्रकार भवन के नवनिर्मित कक्ष का लोकार्पण आज

**भानुप्रतापपुर।** पत्रकार संघ भानुप्रतापपुर द्वारा पत्रकार भवन में नव निर्मित कक्ष का लोकार्पण कार्यक्रम 14 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज मंडावी शामिल होंगी, जो विधिवत पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर कक्ष का लोकार्पण करेंगी। विशेष अतिथि नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर की उपस्थिति रहेगी।

### महार व महरा समाज का आज से दो दिनी सम्मेलन


**सरोना।** महार-महरा समाज क्षेत्र सरोना में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। 13 और 14 अप्रैल को आयोजित इस सम्मेलन को लेकर समाजजनों में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम के पहले दिन 13 अप्रैल को सामाजिक भवन में वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा तथा समाज की विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी। 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर सुबह सरोना के नर्सरी पारा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके पश्चात ग्राम सिंगनपुर में कार्यक्रम होगा।

### जिले की पंचायतों में ग्रामसभाएं आज से 19 तक होंगी: कलेक्टर

**कांकेर।** कलेक्टर नीलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय तथा उनके आश्रित ग्रामों में 14 से 19 अप्रैल तक ग्राम सभा का आयोजन करने के लिए जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि अपने स्तर से पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर तथा समय-सारणी बनाकर ग्राम सभा का आयोजन किया जावे, एक ही तिथि में एक ग्राम पंचायत में एक से अधिक गांव में ग्राम सभा का आयोजन न किया जाए। इस व्यवस्था से सरपंच, सचिव सभी ग्राम सभाओं में अपनी उपस्थिति दे सकेंगे एवं ग्राम सभा का आयोजन सही ढंग से हो सकेगा। कलेक्टर ने ग्राम सभा का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए जनपद सीईओ को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा आयोजन की जानकारी ग्राम पंचायत के प्रत्येक पदधारी सरपंच तथा पंचों को दी जाए, जो अपने क्षेत्र के सदस्यों को ग्राम सभा में उपस्थित कराने के लिए उत्तरदायी होंगे। ग्राम पंचायतों के द्वारा ग्राम सभा सम्मेलन की सूचना सार्वजनिक स्थल, सहगोचर स्थानों पर चस्पा व मुनादी कराने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

## निधन

### भावजीराम कोमरा



**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत साधुमिचगांव निवासी भावजीराम कोमरा का आकस्मिक निधन हो गया, वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिरो कोमरे की पिताजी थे। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम साधुमिचगांव में किया जाएगा।

# पीएमश्री विद्यालयों के विद्यार्थियों ने किया जगदलपुर एयरपोर्ट का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



शासकीय पीएमश्री विद्यालय नरहरपुर एवं नरहरदेव कांकेर के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत जगदलपुर एयरपोर्ट का सफलतापूर्वक दौरा किया। यह कार्यक्रम प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन रायपुर के निर्देश एवं कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस भ्रमण में पुलिस लाइन के विद्यार्थी भी शामिल हुए, जिससे कार्यक्रम और अधिक प्रेरणादायक बन गया।

कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने कहा कि विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ने के लिए इस प्रकार के भ्रमण बेहद उपयोगी होते हैं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और व्यावहारिक शिक्षा देने के लिए लगातार प्रयासरत है, ताकि वे नई जानकारियों से परिचित होकर अपने भविष्य के प्रति जागरूक बन सकें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मडावी ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को ऐसे अवसर मिलना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों को आधुनिक तकनीक और व्यवस्थाओं को समझने का मौका मिलता है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे बड़े लक्ष्य तय करने के लिए प्रेरित होते हैं। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को एयरपोर्ट की कार्यप्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था, चेक-इन प्रक्रिया, रनवे संचालन तथा एयर ट्रैफिक कंट्रोल की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। एयरपोर्ट अधिकारियों ने सरल और रोचक तरीके से विमानन क्षेत्र की महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भ्रमण में भाग लिया और कई सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। शिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों के ज्ञान में वृद्धि होती है और उन्हें वास्तविक जीवन के अनुभव मिलते हैं, जो उनके भविष्य निर्माण में सहायक होते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं स्टाफ मौजूद रहे और विद्यार्थियों की सुरक्षा व मार्गदर्शन सुनिश्चित किया गया।

## संचारी व गैर संचारी, मातृत्व एवं शिशु संबंधी रोगों की पहचान और जांच में मिलेगी सुविधा

# सीएम ने सुकमा से स्वस्थ्य बस्तर अभियान की शुरुआत की, वर्चुअल जुड़े जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 13 अप्रैल को सुकमा में आयोजित कार्यक्रम से मुख्यमंत्री स्वस्थ्य बस्तर अभियान का शुभारंभ किया, इस अभियान के तहत घर-घर स्वास्थ्य परीक्षण के माध्यम से सभी आयु वर्गों में संचारी एवं गैर संचारी रोगो, मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी रोगों की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार एवं रेफरल सेवों से जोड़ा जाएगा। बस्तर संभाग के सभी जिलों में यह अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री स्वस्थ्य बस्तर अभियान के शुभारंभ अवसर पर वर्चुअल माध्यम से जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कार्यक्रम से जुड़े थे।

विकासखण्ड कांकेर के ग्राम बेवरती में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक आशाराम नेताम कहा कि बस्तर संभाग के सभी जिलों में 13 अप्रैल से 12 मई तक एक माह का विशेष स्वास्थ्य अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर-घर जाकर स्क्रीनिंग की जाएगी तथा गैर संचारी रोग जैसे- रक्तचाप, मधुमेह, मोतियाबिंद, सिकलसेल, मुख स्वास्थ्य, फ्लोरोसिस जांच की जाएगी। संचारी रोगो- टीबी, मलेरिया, कुष्ठ, फाइलेरिया इत्यादि की जांच की जाएगी। साथ ही मौसमी बीमारियों की पहचान भी किया जाएगा। नवजात शिशुओं एवं गर्भवती माताओं की देखभाल, टीकाकरण और अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी, साथ ही वय वंदन एवं आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाएगें। प्रत्येक नागरिक का डिजिटल हेल्थ प्रोफाइल तैयार किया जाएगा। बस्तर क्षेत्र के लिए यह खुशी का समय है, जहां नक्सल उन्मूलन के साथ विकास की नई धारा प्रवाहित हो रही है।

### अटल आरोग्य लैबोरेटरी का भव्य शुभारंभ

कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि कांकेर जिला सहित बस्तर संभाग के स्वास्थ्य और खुशहाली को नई ऊंचाई देने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा स्वस्थ बस्तर अभियान एवं अटल आरोग्य लैबोरेटरी का भव्य शुभारंभ किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बस्तर संभाग के समस्त जिले के कोने-कोने तक, विशेषकर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले हर एक व्यक्ति तक उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है जिसमें रक्तचाप, मधुमेह, मोतियाबिंद, टीबी, आयुष्मान कार्ड, नवजात शिशु स्वास्थ्य, उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं की पहचान एवं लोकल स्तर पर होने वाली बीमारियों की पहचान एवं उपचार संबंधित सेवाएं प्रदाय की जायेगी।

कार्यक्रम में मत्स्य कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, नगर पालिका कांकेर के अध्यक्ष अरुण कौशिक, ग्राम बेवरती के सरपंच विष्णु नेताम, महेश जैन, दिलीप जायसवाल, राजीवलोचन सिंह सहित जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मण्डावी, स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी डायरेक्टर रायपुर डॉ. निधि अत्रवाले, सीएमएचओ आरसी ठाकुर एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# खान सुरक्षा पखवाड़े में चमका गोयल ग्रुप, 4 पुरस्कार हासिल




**दुर्गुकोंदल।** 41वें वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2025 के समापन अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में श्री बजरंग आयरन एंड माइंस गोयल ग्रुप ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई महत्वपूर्ण पुरस्कार अपने नाम किए। कार्यक्रम का आयोजन अडानी सीमेंट के रावन स्थित अंबुजा सीमेंट्स टाउनशिप, बलौदाबाजार में किया गया, जहां खनन क्षेत्र से जुड़ी 66 खदानों ने भाग लिया। समारोह का शुभारंभ भारतीय परंपरा के अनुसार अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। मुख्य अतिथि डिप्टी डायरेक्टर जनरल ऑफ माइन सेफ्टी रामअवतार मीना ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर सुरक्षा ध्वज फहराया और सभी को सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस दौरान खदानों में सुरक्षित कार्य प्रणाली के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया। खान सुरक्षा पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य खदानों में सुरक्षित कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना है। इसी क्रम में गोयल ग्रुप की श्री बजरंग आयरन एंड माइंस ने पब्लिसिटी प्रोपोगेंडा श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि जनरल वर्किंग, माइन प्लान एवं रिकॉर्ड मेंटेनेंस और एचईएमएम एंड वर्कशॉप श्रेणियों में तृतीय स्थान हासिल किया। इस प्रकार कंपनी को कुल चार प्रमुख पुरस्कार प्राप्त हुए। फर्स्ट एड प्रतियोगिताओं में भी कंपनी ने शानदार प्रदर्शन किया। बेस्ट फर्स्ट एड टीम में द्वितीय स्थान, बेस्ट कैप्टन श्रेणी में धीरज साहू को द्वितीय पुरस्कार और बेस्ट फर्स्ट एडर श्रेणी में दिनेश साहू को तृतीय स्थान मिला। यह उपलब्धि कंपनी की मजबूत सुरक्षा व्यवस्था और कुशल प्रबंधन को दर्शाती है। कार्यक्रम के दौरान अंबुजा सीमेंट के कर्मचारियों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को आकर्षक बना दिया। इस अवसर पर खनन उद्योग से जुड़े कई वरिष्ठ अधिकारी और प्रतिनिधि मौजूद रहे। गोयल ग्रुप की ओर से वरिष्ठ महाप्रबंधक डीके मोहंता, डीजीएम डीएन मोहंता, राजकुमार गुप्ता, रवि तिवारी, अंकुर गोयल, नितेश मोहंता, देवेंद्र प्रसाद, धीरज साहू, दिनेश साहू, मनीष यादव, एकांत माने और पुरुषोत्तम सिन्हा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बालबाड़ी प्रवेशोत्सव में उल्लास की गूंज, पोषण व संस्कार पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

शासकीय प्राथमिक विद्यालय आमागढ़ में बालबाड़ी प्रवेश उत्सव बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में नवप्रवेशित बच्चों का आत्मीय स्वागत किया गया और पोषण व संस्कारों के महत्व पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात नौनिहालों का मुंह मीठा कराकर और पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया, जिससे बच्चों में विद्यालय के प्रति अपनापन और उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य उदे राम भुआर्य ने कहा कि बालबाड़ी बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की पहली सीढ़ी होती है। यहां से उनके जीवन की मजबूत नींव रखी जाती है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कार, चरित्र निर्माण और प्रकृति से जुड़ाव के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बेहतर जीवन के लिए सही भोजन विषय पर पोषण जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। चलित प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों और अभिभावकों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारियां दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यकर्ता गेंद बाई टांडिया ने प्रोटीन, आयरन, विटामिन और कैल्शियम जैसे पोषक तत्वों के महत्व को सरल भाषा में समझाया। कार्यक्रम में शॉर्ट फिल्म के माध्यम से पौष्टिक आहार अपनाने, एनीमिया से बचाव, जंक फूड से दूरी और खेलकूद को जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया और साथ ही उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में स्मार्ट माताएं हेमेश्वरी एवं माहेश्वरी, शिक्षक भुनेश उसेंडी, विनोद साहू, रामनाथ गोटा, ममता रावटे सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में बृजेश साहू ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# महिला की मौत, बाइक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की

**कांकेर।** इलाज के लिए निकले महिला का सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतिका पीव्ही 92 छोटेबेठिया निवासी 55 वर्षीय संध्या सिकारी पति अमल सिकारी इलाज के लिए तनमय साना पिता आसुतोष के साथ 14 दिसंबर को वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएन 2099 में बैठाकर छोटेबेठिया से बांदे जाने के लिए निकले थे। मोटर सायकल के चालक ने वाहन को तेज रफ्तार, लापरवाही एवं उतावलेपन से उपेक्षा पूर्वक चलाने से नयापारा बांदे पुलिया के पास पक्की सड़क किनारे मृतिका संध्या सिकारी गिर गई, जिससे मृतिका के सिर एवं अंदरूनी चोंट लगने के कारण इलाज के दौरान 15 दिसंबन को मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# तुलसी मानस प्रतिष्ठान की बैठक में चारामा ब्लॉक इकाई का गठन




**चारामा।** छत्तीसगढ़ प्रांत श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के तत्वाधान में ग्राम लखनपुरी में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विकासखंड चारामा की ब्लॉक इकाई के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी का विधिवत गठन किया गया। कार्यक्रम प्रांतीय महासचिव राजेंद्र ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। संरक्षक आनंद ठाकुर एवं गुलजार विश्वकर्मा, अध्यक्ष राम प्रसाद सिन्हा तथा कार्यकारी अध्यक्ष यादों राम साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई। उपाध्यक्ष पद पर कांति निषाद, मेहतर टाडियां और भोजराम साहू का चयन किया गया। महासचिव एकांत दुबे, सचिव प्रकाश साहू और कोषाध्यक्ष दिलीप भोथरा को नियुक्त किया गया। वहीं संयोजक कैलाश ठाकुर, माधव पटेल और एसपी सिंह तथा समन्वयक के रूप में ललेश्वर साहू, जोहान साहू और पीमन कौशिक को दायित्व दिया गया। मीडिया प्रभारी कन्हैया सिंह ठाकुर और शंकर साहू तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रभारी लोकेश्वर पटेल और संतोषी सेन का चयन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी का कार्यकाल तीन वर्ष निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर प्रांतीय महासचिव राजेंद्र ठाकुर ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और संगठन की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह संस्था रामचरितमानस के आयोजन एवं धर्म जागरण के माध्यम से सनातन संस्कृति को सुदृढ़ करने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा राष्ट्र जागरण, निर्धन कन्याओं के विवाह, बेटी पढ़ाओ–बेटी बचाओ, जल, जंगल एवं जमीन संरक्षण तथा शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता जैसे अनेक रचनात्मक कार्य किए जाते हैं।

# मावा स्वास्थ्य मावा बस्तर अभियान शुरू, घर-घर पहुंचेंगी स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बस्तर संभाग में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 13 अप्रैल से मावा स्वास्थ्य मावा बस्तर अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत दूरदराज के ग्रामीणों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर उपस्वास्थ्य केंद्र लोहत्तर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां नवजात से लेकर सभी आयु वर्ग के ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सभापति एवं भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विकास राजु नायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान और अटल आरोग्य लैबोरेटरी का शुभारंभ किया जा रहा है। इस महा अभियान के तहत सुकमा से कांकेर तक पूरे बस्तर संभाग में 36 लाख से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच और आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत घर-घर जाकर स्क्रीनिंग की जाएगी और गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया जाएगा। अभियान के माध्यम से हर नागरिक का डिजिटल आयुष्मान हेल्थ प्रोफाइल तैयार किया जाएगा तथा गांव-गांव और टोला-टोला तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। सरकार का उद्देश्य शत-प्रतिशत जनसंख्या को स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ना है। कार्यक्रम में पूर्व जनपद अध्यक्ष संतो दुग्गा, भाजयुमो महामंत्री राहुल जाम्बूरकार, वार्ड पंच नरेंद्र तारम, सोहनी मंडावी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# आंबेडकर जयंती पर भाजपा ने स्वच्छता अभियान चलाया



**दुर्गुकोंदल।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा स्थल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक स्थलों, सड़कों एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। साथ ही ग्रामीणों से अपने घरों और आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की गई। अभियान का उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी को मजबूत करना रहा। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने स्वच्छ गांव–सुंदर गांव के संकल्प को साकार करने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल महामंत्री शकुंतला नरेटी, रामचंद्र कल्लो, विजय पटेल, तुलसी मतलाम, विकास राजु नायक, सुमित्रा दुग्गा, दीपक पुड़ो, बीरेंद्र जैन सहित भाजपा एवं भाजयुमो के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।











